दस्तक अभियान

चर्चा में क्यों?

15 अप्रैल, 2022 को उत्तर प्रदेश सरकार ने जलजनित और वेक्टरजनित बीमारियों के प्रसार को रोकने के लिये दस्तक अभियान शुरू किया।

प्रमुख बिंदु

- उत्तर प्रदेश के लोगों को इंसेफेलाइटिस, मलेरिया, डेंगू, फाइलेरिया और चिकनगुनिया सहित विभिन्न संचारी रोगों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया यह अभियान 30 अप्रैल तक चलेगा।
- इस अभियान के तहत आशा व आँगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं को जलजनित एवं मच्छरजनित विभिन्न बीमारियों से लोगों को अवगत कराने की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है।
- गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश, जिसने देश में निगरानी समितियों की अधिकतम संख्या (60,000 से अधिक) का गठन किया है, मौसमी बुखार, मच्छर और पानी से होने वाली बीमारियों के खिलाफ लड़ाई में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।
- इसके अतिरिक्त वेक्टरजनित रोगों के प्रसार को नियंत्रित करने के लिये एक संचारी रोग नियंत्रण अभियान के साथ-साथ साप्ताहिक मुख्यमंत्री जन-आरोग्य मेला पहले ही शुरू किया जा चुका है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dastak-campaign-2